>

Title: Need to start work on Ken-Betwa River Link Project.

डॉ. वीरेन्द्र कुमार (टीकमगढ़): मेरे संसदीय क्षेत्र टीकमगढ़ छतरपुर में नदियों को आपस में जोड़ने की योजनान्तर्गत केन-बेतवा नदियों को जोड़ने का कार्य पहले चरण में शामिल किया गया था । इस संबंध में राज्य सरकार द्वारा भी पूरा सहयोग किया गया था । इस योजना पर कार्य होने से मध्य प्रदेश एवं उत्तर प्रदेश के अनेक जिले लाभान्वित होंगे । बुन्देलखंड के वह जिले जो विकास की दौड़ में पिछड़े हैं वह इस योजना पर कार्य होने से आर्थिक प्रगति की तरफ बढ़ेंगे एवं सिंचाई के साधनों का विस्तार होगा ।

अतः केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि नदियों को आपस में जोड़ने की योजनान्तर्गत केन एवं बेतवा नदियों को जोड़ने का कार्य शीघ्र प्रारंभ करवाने का सहयोग करें ।